नौजवानों को अपने माता-पिता एवं दादा-दादी का विशेष तौर पर ध्यान रखने की आवश्यकता: कृष्णपाल

फरीदाबाद,(पंजाब केसरी): केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की अध्यक्षता में आज शनिवार विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर दक्ष फाउंडेशन द्वारा ख्याल अपने बुजुर्गों का कार्यक्रम का आयोजन सभागार सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8 में किया गया। भारी उद्योग, उर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार कृष्ण पाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकृति और वाइस चेयरपर्सन रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा श्रीमती सुषमा गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दक्ष फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय की जरूरत है कि इस अब नौजवानों को भी अपने माता-पिता एवं दादा-दादी का विशेष तौर पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। क्योंकि अब संयुक्त परिवार से एकल परिवार की संख्या ज्यादा बढ़ रही है। उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि सुषमा गुप्ता ने हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू किए गए कार्यक्रमों बारे अवगत कराया और दक्ष फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। श्रीमती सुकृति मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक एजिंग विद डिग्निटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।